पशु आहार संयंत्र, पचामा, जिला सीहोर–466001 (म.प्र.) MAAN NO.1030292
CATTLE FEED FACTORY,PACHAMA, SEHORE -466001 (M.P.) ISO 9001:2015
Mobile No. : 9827541102, 9589625016 GST No. 23AAAAB0221D1ZW
E-mail : cff.pachama@gmail.com

H.O.: Bhopal Sahakari Dugdha Sangh Maryadit Habibganj Bhopal (MP) 462024
Fax no.: 0755- 2450896 E.mail: misbsds@yahoo.co.uk

SUDANA

क्रमांक / 489 / क्रय / पआसं. / पचामा / 2024 दिनांकः–16.08.2024

# चतुर्थ
# ई–निविदा सूचना

## एक वर्ष की अवधि के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना के विक्रय हेतु ई–निविदा सूचना

पशु आहार संयंत्र पचामा, जिला सीहोर में एक वर्ष की अवधि तक भंडारित होने वाले ''पुराना बड़ा जूट बारदाना'' के विक्रय हेतु दरें ई–निविदा द्वारा आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आन लाईन दरें दिनांक 09.09.2024 को दोपहर 03 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र ई–निविदा पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा से संबधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही जारी किए जावेंगे इसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अन्य जानकारी हेतु **www.sanchibhopal.com** पर लॉग आन करें।

| सुदाना पशु आहार | सबसे कम कीमत पर सबसे अच्छा पशु आहार |
|---|---|

# पशु आहार संयंत्र पचामा, जिला सीहोर

# चतुर्थ ई-निविदा

एक वर्ष के लिये
पुराना बड़ा जूट बारदाना
के विक्रय हेतु ई-निविदा

# दिनांक

# 17/08/2024

**CATTLE FEED FACTORY PACHAMA, SEHORE (M.P.)**
Phone No. : 9827541102, 9589625016
E-mail : cff.pachama@gmail.com

**UNIT OF BHOPAL SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT**
**DAIRY PLANT, HABIBGANJ: BHOPAL (M.P.)**

# पशु आहार संयंत्र पचामा, जिला सीहोर (म.प्र.)
# इकाईः भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल (म.प्र.)

## -: ई-निविदा संबंधी जानकारी :-

**एक वर्ष के लिये पुराना बडा जूट बारदाना के विक्रय हेतु ई-निविदा**

| S.No. | Process Details | Date/time (Hrs.) |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of Tender Start Date & Time | 17.08.24/ 16.00 |
| 2 | Purchase of Tender End Date & Time | 06.09.24/ 16.00 |
| 3 | Bid Submission End Date & Time | 06.09.24/ 16.00 |
| 4 | Technical Bid Open Date & Time | 09.09.24/ 16.00 |
| 5 | Financial Bid Open Date & Time | 10.09.24/ 16.00 |

निविदा खोलने का स्थान :– भोपाल सह. दुग्ध संघ मर्या. भोपाल

अमानत राशि

| बारदानों की श्रेणी | अमानत राशि (रूपये) |
|---|---|
| पुराना बड़ा जूट बारदाना | Rs. 100000/- |
| निविदा फार्म राशि | Rs. 500/- |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# :: भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल (म.प्र.) ::
# :: इकाई :: पशु आहार संयंत्र पचामा, जिला सीहोर (म.प्र.)
# :: विक्रय शर्ते ::

निविदाकर्ता का नाम : ——————————————————————————————

निविदाकर्ता का पता : ——————————————————————————————

1. पशु आहार संयंत्र पचामा में पुराना बड़ा जूट बारदाना (मात्रा बारदाना लगभग 08 लाख) का संग्रहित स्टॉक 1 वर्ष में उठाना होगा।

2. अमानत राशि **ONLINE** ही जमा कराना होगी। पुराना बड़ा जूट बारदाना उठाने का आदेश मिलने पर सुरक्षा राशि रू0 100000/–(रूपये एक लाख मात्र) अमानत राशि के अतिरिक्त जमा करानी होंगी। अमानत राशि एवं सुरक्षानिधि की रकम पर किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा तथा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि क्रेता को करार पूर्ण होने पर एक माह के अंदर वापस कर दी जावेगी। बिना अमानत राशि निविदा विचारणीय नहीं होगी।

3. सफल निविदाकार को दर स्वीकृति सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रु0 एक हजार मात्र के नॉन जुडीशियल स्टाम्प पर अनुबंध हस्ताक्षरित करना होगा। तत्पश्चात् बारदाने उठाने संबंधित आदेश मिलने पर 3 दिन के अंदर जूट बारदाने उठाने का कार्य प्रारंभ करना होगा एवं प्रति सप्ताह में कम–से–कम दो ट्रक बड़ा जूट बारदाना उठाना होगा। केता द्वारा यदि बारदाना उपरोक्तानुसार नहीं उठाया जाता है तो संस्था गोदाम में कच्चे माल के भण्डारण की समस्या को देखते हुए अन्य क्रेता को अनुमोदित दर पर बारदाना विक्रय कर सकता है। यदि अनुमोदित दर पर अन्य केता बारदाना उठाने के लिए तैयार नहीं है तो कच्चा माल भण्डारण की समस्या को देखते हुए कम दर से बारदाना विक्रय करने पर अंतर की राशि केता की सुरक्षा राशि एंव अमानत राशि से समायोजित की जावेगी। अधिकृत केता द्वारा भण्डारित होने वाला बारदाना उठाना होगा। माल की सुपुर्दगी इस कार्यालय में माल की पूर्ण राशि बैंक में जमा होने के बाद दी जावेगी।

4. केता द्वारा यदि समय पर बारदाना नहीं उठाया जाता है तो अमानत एवं सुरक्षा राशि राजसात करने का तथा वैकल्पिक विक्रय व्यवस्था सम्पादन का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल को रहेगा। निविदाकार द्वारा प्रति सप्ताह 25 हजार बारदाना की मूल्य राशि पशु आहार संयंत्र पचामा के खाते में जमा कराई जाना अति आवश्यक होगा। इस राशि के जमा ना होने की स्थिति में माना जायेगा की निविदाकार बारदाना उठाने की स्थिति में नहीं है, एवं इस स्थिति में भी समान कार्यवाही की जावेगी।

5. निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि से स्वयं क्रेता को ही बारदाना दिया जावेगा, अन्य किसी क्रेता को बारदाना, जमा राशि से नहीं दिया जावेगा।

6. बारदाना जहां है उसी श्रेणी व स्थिति में उठाना होगा। बारदाना उठाने के पश्चात् संस्था की किसी भी प्रकार की जबाबदारी नहीं रहेगी। बारदाना लोडिंग संयंत्र स्टाप व सुरक्षा गार्ड के समक्ष गिनवाकर होगी। जिसे क्रेता द्वारा मान्य किया जायेगा।

7. सुपुर्दगी कार्यालयीन दिन व समय में की जावेगी। विशेष परिस्थिति में कार्यालय समय पश्चात् माल की सुपुर्दगी देना प्रभारी महाप्रबंधक के विशेषाधिकार में रहेगा। बारदाना लोडिंग के पूर्व खाली ट्रक तुलवाना तथा लोडिंग के पश्चात् भरा ट्रक तुलवाकर, नेट वजन चालान में अंकित कराना अनिवार्य होगा।

8. निविदा में बारदाने की दी गई मात्रा अनुमानित है जो कि कम या अधिक हो सकती है।

9 निविदा में पुराना बडा जूट बारदाना की दरें प्रति नग से GST सहित दी जानी हैं।

10. अमानत राशि के एवज में बारदाना नहीं दिया जावेगा। अमानत राशि अनुमोदित अवधि की समाप्ति पर क्रेता द्वारा मूल रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर ही RTGS द्वारा वापस की जावेगी।

11. भावपत्र में अधिकतम दर दी जाने वाली प्रथम पार्टी की अमानत राशि जमा रखी जायेगी।

12. प्रथम उच्चतम दर निविदाकार की निविदा निरस्त होने की दशा में द्वितीय उच्चतम दर निविदाकार को अवसर दिया जायेगा।

13 यदि निविदाकार द्वारा निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार से उल्लंघन किया जाता है तो अमानत राशि एवं सुरक्षा राशि एवं अन्य जमा सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

14. पुराने बारदानों के विक्रय हेतु, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

15. किसी अथवा समस्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल को रहेगा।

16. किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल के समक्ष प्रकरण रखा जावेगा जिनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

17. किसी भी प्रकरण में क्रेता एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर आर्बिट्रेशन एक्ट अनुसार कार्यवाही सम्पादित की जावे। किसी भी प्रकरण में सामग्री क्रेता एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर अध्यक्ष दुग्ध संघ, एम.पी.सी.डी.एफ. का प्रतिनिधी तथा आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, मध्य प्रदेश शासन के प्रतिनिधि की संयुक्त समिति को आर्बिट्रेशन हेतु प्रकरण प्रेषित किया जाए।

18. समस्त अदालती विवाद भोपाल न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# :: तकनीकि फार्म ::

# :: एक वर्ष की अवधि के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना की खरीदी दर ::

निविदाकर्ता/फर्म का नाम : ——————————————————————
पत्राचार का पूरा पता (सत्यापित) :——————————————————————
ई–मेल पता व फेक्स क्रमांक : ——————————————————————
फर्म का पंजीयन क्रमांक : ——————————————————————
फर्म का बैंक खाता विवरण : ——————————————————————
खाता संलग्न : ——————————————————————
आई.एफ.सी.कोड, : ——————————————————————
बैंक का नाम एवं शाखा : ——————————————————————
जीएसटी नम्बर : ————————————पैन नम्बर————————
दूरभाष क्रमांक/मोबाइल नं. : ——————————————————————
अमानत राशि रूपये : ——————————शब्दों में ——————————

दिनांक ................. से .................. तक विक्रय किए जाने वाले बारदानों की अनुमानित संख्या

| क्र0 | बारदानों की श्रेणी | मात्रा | दरें |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराना बड़ा जूट बारदाना | 8 लाख | बारदाने की दर प्रति नग (सभी कर सहित) |

नोटः–

पुराना बड़ा जूट बारदाना में फटा–सड़ा–गला, रफू एवं छोटी कट्टी सभी प्रकार के कच्चे माल का खाली बारदाना सम्मिलित है। जिस पार्टी की दरें अनुमोदित होंगी, उसे उक्त वर्णित सभी प्रकार का बड़ा बारदाना उठाना होगा। अलग से छटाई नहीं करने दी जावेगी।

आपके पत्र क्रमांक/विज्ञापन ——————————दिनांक ——————————/ के अनुसार मुझे महाप्रबंधक, पशु आहार संयंत्र पचामा, जिला सीहोर द्वारा निर्धारित पुराने बारदानों के विक्रय संबंधित सभी शर्ते मान्य हैं।

दिनांक :– ——————————

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर